हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

11 आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करना समय की ...



10 परशुराम ने धर्म के लिए लड़ी थी अन्याय ...



**खबर संक्षेप**

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 22 को

**भिवानी।** राजकीय आईटीआई, भिवानी के प्रांगण में 22 अप्रैल को प्रात 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, ऍम, ऍम, वी, मैकेनिक ट्रैक्टर, टीपीईएस, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर से पास लड़के व लड़कियां जिसने आईटीआई पास की हो वे भाग ले सकते हैं। इस रोजगार मेले में आनंद ग्रुप पैन इंडिया, यु एन ओ मिंडा फरुखनगर गुरुग्राम के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे ।

### चार ट्यूबवेलों से हजारों की केबल चोरी

**लोहारू।** शहर में स्थित जन स्वास्थ्य विभाग के चार ट्यूबवेल से दो माह के दौरान हजारों रुपयों की कीमत की केबल चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में विभाग के उपमंडल अभियंता गिरीश कुमार ने बताया कि फरवरी में बहुतकनीकी कॉलेज के ट्यूबवेल की 200 मीटर, 25 मार्च को जलतरंग स्थित ट्यूबवेल की 50 मीटर, 30 मार्च को सीएचसी लोहारू स्थित ट्यूबवेल की 200 मीटर और अप्रैल में चौ देवीलाल खेल स्टेडियम स्थित ट्यूबवेल की करीब 20 मीटर केबल चोरी कर ली गई।

### फैक्ट्री से तार चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी पुलिस ने फैक्ट्री के अंदर से कॉपर तार चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता अजय निवासी भिवानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-21, इंडसट्रियल एरिया स्थित उसकी फैक्ट्री में 10 अप्रैल की रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घुसकर कॉपर तार चोरी कर ली गई। इसी मामले में दो आरोपियों को हरिपुर पालुवास क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुमित तथा साहिल पनिवासी हरिपुर पालुवास के रूप में हुई है।

### स्कूलों में गैस चूल्हा नहीं, लकड़ियों से पकेगा दोपहर का भोजन

**भिवानी।** अमेरिका,इजराइल-ईरान के युद्ध का असर अब बाजार ही नहीं स्कूल व अन्य जगहों पर असर दिखने लगा है। स्कूलों में गैस सिलेंडर की भारी मात्रा में किल्लत बनी है। जिस वजह से शिक्षा विभाग को मजबूरन गैस सिलेंडरों की बजाए चूल्हे पर लकड़ियां जलाकर पकाने के निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग ने प्रत्येक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर सूचित कर दिया है।

## नौ दमकल गाड़ियों के भरोसे जिले की जिम्मेदारी, जर्जर रोड पर झटकों की सवारी

# गाड़ियों में मरम्मत की दरकार, लीकेज से हजारों लीटर पानी प्रतिदिन हो रहा बेकार

अग्निशमन विभाग के भिवानी फायर स्टेशन में छह गाड़ियां हैं। इनके अलावा सिवानी फायर स्टेशन में तीन और लोहारू फायर स्टेशन में एक गाड़ी हैं





भिवानी। दमकल गाड़ी एचआर 61 जीवी 7241 के जर्जर टैंक एवं पाइप की लीकेज से रिसाव होता पानी और दमकल गाड़ी के जर्जर टैंक लीकेज से जमीन पर गिरता पानी। फोटो : हरिभूमि

राकेश भटटी ▶▶| भिवानी

अग्निशमन विभाग में एक रेस्क्यू व आठ पानी वाली दमकल गाड़ी के भरोसे पर जिलेभर की जिम्मेदारी हैं। इसके अलावा सिवानी में तीन व लोहारू फायर स्टेशन में एक दमकल गाड़ी हैं। अधिकारी की माने तो रबड़ पेंट व समय समय पर मरम्मत कार्य करवाने के चलते गाड़ियां बिल्कुल सही स्थिति में हैं।

उल्लेखनीय हैं कि गर्मी के मौसम में सब कुछ तपन के कारण जल उठता हैं, ऐसे में कहीं भी आगजनी की घटना घटित होना आम बात हैं, जिससे निजात दिलाने के लिए दमकल विभाग में कार्यरत कर्मचारी पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हैं। अग्निशमन विभाग के भिवानी फायर स्टेशन में छह गाड़ियां हैं, जिनमें से पांच गाड़ियां आग बुझाने व एक गाड़ी रेस्क्यू कार्य में इस्तेमाल की जाती हैं। इनके अलावा सिवानी फायर स्टेशन में तीन व लोहारू फायर स्टेशन में एक गाड़ी हैं, जो आगजनी की घटनाओं पर काबू पाती हैं।



- एक गाड़ी 60 की स्पीड से ऊपर दौड़ ही नहीं सकती, वहीं एक अन्य गाड़ी बार-बार रेस छोड़ देती हैं और गर्म हो जाती है

भिवानी स्टेशन में विभाग के पास साढ़े सात हजार लीटर पानी की दो, साढ़े चार हजार लीटर की दो तथा दो हजार लीटर पानी की एक दमकल गाड़ी हैं, लेकिन इनकी हालत बहुत ही दयनीय बताई जाती हैं। अधिकारी की माने तो समय-समय पर गाड़ियों की मरम्मत करवाई जाती हैं और गाड़ियां बिल्कुल सही स्थिति में हैं, वहीं कर्मचारियों से हकीकत जानने पर पता चला कि एक गाड़ी 60 की स्पीड से ऊपर दौड़ ही नहीं सकती, वहीं एक अन्य गाड़ी बार-बार रेस छोड़ देती हैं और गर्म हो जाती हैं, जो कभी भी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती हैं। यह गाड़ी दो बार एजेंसी जा चुकी हैं, लेकिन ठीक नहीं हो पाई हैं। वहीं दमकल गाड़ियों के पानी के टैंक जंग खाकर अनेक जगहों से रिसाव करते हैं, जो पानी से भरकर खड़ी करने के बाद शिफ्ट बदलने तक गाड़ी आधी खाली हो जाती हैं। दमकल गाड़ियों में समय-समय पर रबड़ पेंट व वेल्ड करवाने की आवश्यकता होती हैं, जिससे जंग न लगे और लीकेज की समस्या भी न रहे, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। दमकल कर्मचारियों के पास पर्याप्त एवं उच्च क्वालिटी के सेफ्टी उपकरण नहीं हैं। इनके पास एक हेलमेट व निम्न क्वालिटी के रबड़ के जूते हैं, जबकि सभी दमकल कर्मियों के पास एक फायर सूट, हेलमेट एवं अच्छी क्वालिटी के रबड़ के जूते होने चाहिए, जो आगजनी की घटना में उन्हें सुरक्षा प्रदान करें, जिनके होने के बाद दमकल कर्मचारी बिना भय के अच्छी प्रकार से कार्य को अंजाम दे पाएं। इसके साथ ही विभाग में इलैक्ट्रिक टैक्निकल पोस्ट होनी चाहिए, ताकि घटना के दौरान बिजली करंट संबंधित समस्या से कोई फायरकर्मी हताहत न हो।

### गाड़ी पर छह कर्मचारी होने चाहिए तैनात

गाड़ी पर फर्स्ट टर्न आऊट पर एक समय में छह कर्मचारी तैनात होने चाहिए, जबकि स्टाफ की कमी के चलते आठ घंटे की पूरी शिफ्ट में मात्र आठ से नौ कर्मचारी ही ड्यूटी पर मौजूद होते हैं, जबकि सेकेंड व थर्ड टर्न आऊट पर एक व दो कर्मचारी ही घटनास्थल पर पहुंच पाते हैं, जिससे आगजनी की घटना पर काबू पाने व रेस्क्यू कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

### चार साल से शुरू नहीं हो पाया फायर स्टेशन

भिवानी जिले के कस्बा बवानीखेड़ा में करीब चार साल पहले फायर स्टेशन की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते आज तक फायर स्टेशन शुरू नहीं हो पाया हैं। देखरेख के अभाव में बिल्डिंग जर्जर हो रही हैं। बवानीखेड़ा फायर स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा और भिवानी फायर स्टेशन को मजबूती मिलेगी।

### दमकल विभाग के पास नहीं हाइड्रा लिफ्ट एक्सटेंशन सीढ़ी से चला रहे हैं काम

जिले में तीन-चार मंजिल बिल्डिंग में आगजनी की घटना होने पर दमकल विभाग के पास पर्याप्त साधन एवं सुविधाएं नहीं हैं, जबकि तीन-चार मंजिल बिल्डिंगों में आगजनी पर काबू पाने के लिए हाइड्रा लिफ्ट की जरूरत होती हैं। दमकल अधिकारी व कर्मियों के अनुसार दमकल गाड़ियों पर 35 फीट की एक्सटेंशन सीढ़ियां होती हैं, जिसके माध्यम से आगजनी की घटना पर काबू पाने का प्रयास किया जाता हैं। कर्मियों के अनुसार इन सीढ़ियों पर इतनी ऊंचाई पर चढ़ना खतरे से कम नहीं हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि प्रत्येक जिले लेवल पर एक हाइड्रा मशीन उपलब्ध करवाई जाए।

### जिलेभर में नौ गाड़ियां और 55 कर्मचारी तैनात

जिले के भिवानी फायर स्टेशन में छह, सिवानी में तीन व लोहारू में एक दमकल गाड़ियां हैं, जो सही स्थिति में हैं। वहीं जिले के तीनों फायर स्टेशनों में 27 स्थायी, 25 दैनिक वेतन भोगी व 3 एचकेआरएन सहित करीब 55 कर्मचारी शामिल हैं। लीकेज व रबड़ पेंट संबंधित सवाल पर उन्होंने बताया कि पंप की सील आदि लीक हो जाती हैं, ऐसे में समय-समय पर मरम्मत कार्य करवाया जाता हैं। हाल ही में एक गाड़ी पर 87 हजार व दूसरी गाड़ी पर डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं, ताकि कोई समस्या न आए। वहीं सुरक्षा दृष्टि से फायरकर्मियों के पास फायरसूट, जूते व हेलमेट उपलब्ध हैं।

-**रमन मिश्रा**, दमकल केंद्र अधिकारी, भिवानी

### दमकल कर्मियों के हताहत को लेकर बने स्थायी पॉलिसी

फरीदाबाद में गत 16 फरवरी को आगजनी के दौरान दो फायरकर्मियों की मौत होने पर अब तक कर्मियों को शहीद का दर्जा, उनके परिजनों को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी नहीं दी गई, जिसके विरोधस्वरूप प्रदेशभर में फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ द्वारा धरना दिया जा रहा हैं, जिसे खूब समर्थन मिल रहा हैं। वहीं हरियाणा प्रदेश में दिल्ली पॉलिसी के अनुसार कर्मचारियों की स्थायी भर्ती की जाती हैं तो उसी पॉलिसी अनुसार दिल्ली में दमकलकर्मी के हताहत होने पर एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी व शहीद का दर्जा दिया जाता हैं तो हमारे कर्मचारियों को अब तक क्यों नहीं दिया गया। दूसरी ओर सरकार व प्रशासन द्वारा की गई अस्थायी व्यवस्था को अंजाम देने वाले कर्मचारी अनुभवहीन हैं, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता हैं।

- **अजय श्योराण**, फायरब्रिगेड कर्मचारी संघ भिवानी

## थ्रेसर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

शहरयारपुर-देवराला रोड स्थित खेतों में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में बिहार निवासी मजदूर की थ्रेसर की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब 2:40 बजे शहरयारपुर के पास खेतों में गेहूं निकालने का कार्य चल रहा था। गांव ओबरा निवासी संजय पुत्र दयानंद के खेत में बिहार से आए मजदूर गेहूं निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान टेपरू मंडल पुत्र सिवानंद मंडल, निवासी पोठिया, जिला अररिया (बिहार) अचानक गेहूं निकालने वाले थ्रेसर की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि टेपरू मंडल को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद खेत में मौजूद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने तुरंत मशीन को बंद कर अन्य लोगों को सूचना दी। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में यह हादसा कार्य के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक के परिजनों को बुलाया गया है, उनके बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## बूंदाबांदी से बेचैन हुआ पारा, चार डिग्री लुढ़ककर 37 पर पहुंचा

# खेतों में फसल की कढ़ाई का कार्य रुका, मंडियों में गेहूं की ढेरियां भीगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छाए और कुछ देर बाद आसमान से पानी बरसने लगा। हालांकि ज्यादा देर तक बारिश नहीं हुई,लेकिन हलकी बूंदाबांदी से भी पारा लुढ़ककर चार डिग्री नीचे आ गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली,लेकिन दूसरी तरफ हलकी बूंदाबांदी से किसानों का खेतों में फसलों की कढाई का कार्य पूरी तरह से अटक गया। खलिहानों में फसल भीगने से एकदम किसानों को थ्रैसिंग का कार्य रोकना पड़ा। वहीं अनाजमंडी में खुले आसमान तले पड़े गेहूं के ढेर भी भीग गए है। तेज बारिश न होने की वजह से गेहूं की ढेरों में ज्यादा नमी नहीं पहुंच पाई। फिलहाल किसानों का खेतों में और मंडियों में आढ़तियों का कार्य पूरी तरह से अटक गया है।



भिवानी। बूंदाबांदी के बीच गंतव्य की ओर जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

दोपहर करीब तीन बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर बाद आसमान से हलकी बारिश शुरू हो गई। करीब दस मिनट तक हलकी बूंदाबांदी चलती रही। एक बारगी तो सड़कों पर पानी बह कर भी चलना शुरू हो गया,लेकिन उसके बाद बारिश बंद हो गए। हलकी बूंदाबांदी के बाद पारे के नखरे एकदम ढिले हो गए। क्योंकि पिछले कई दिनों से पारा उपर की तरफ उछाल मार रहा था। शुक्रवार दोपहर पारा करीब 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। जिस वजह से हर कोई गर्मी से बेहाल नजर आने लगा। पर दोपहर बाद हलकी बारिश ने पारे को चार अंक नीचे लूढका दिया।

### मंडियों में तिरपाल आदि नहीं ढकने से गेहूं की ढेरियों में नमी बढ़ी

भले ही हलकी बूदांबांदी का पारे पर ज्यादा असर न पड़ा हो,लेकिन सबसे ज्यादा फसलों की कढाई व मंडियों में पड़े गेंहू के ढेर में नमी बढ गई है। इस वक्त हजारों मन गेहूं जिले की मंडियों में पड़ा है। कुछ जगहों पर तो गेहूं ढका हुआ है तो कुछ जगहों पर खुले में गेहूं के ढेर लगे है। तिरपाल आदि न ढकने से गेहूं की ढेरियां में नमी बढ गई है। अब अगले एक दो दिनों तक गेहूं के बैगों की भराई का कार्य नहीं हो पाएगा। दूसरी तरफ खेतों व खलिहानों में पड़े फसलों के ढेरों को भी निकालने का कार्य पूरी तरह से अटक गया है। क्योंकि अब फसलों में नमी बढ गई है। ऐसे में अगर ज्यादा नमी होगी तो फसलों की कढाई नहीं हो पाएगी।



## खबर संक्षेप

### सुबह से ही आसमान में छाए रहे बादल

**लोहारू।** शुक्रवार सुबह से ही मौसम विभाग की पूर्व सूचना अनुसार आसमान में घनघोर घटाएं छाई रही। घने काले बादलों ने किसानों के साथ साथ अनाज मंडी में आढ़तियों की धड़कने भी तेज कर दी। बहल और लोहारू की अनाज मंडी में सरकारी खरीद चल रही है मंडियों में हजारों क्विंटल गेहूं और सरसों खुले आसमान के नीचे पड़ा है। दोपहर बाद आसमान में बढ़ी काले बादलो की हलचल ने सभी को सकते में ला दिया। देर सायं तक बरसात नही होने से किसानों और आढ़तियों ने राहत की सांस ली है। वहीं दूसरी ओर तीन दिनों से इलाके में गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी थी तथा दोपहर का तापमान करीब 38 डिग्री के आंकड़े को पार कर गया। लोगों का अनुमान है कि इस बार गर्मी अप्रैल में प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर देगी।

### निर्माण मजदूरों की सांझा बैठक 24 को

**बाढड़ा।** संयुक्त मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 24 अप्रैल को चरखी दादरी में निर्माण मजदूरों का एक महत्वपूर्ण सांझा कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा। सीटू के जिला संयोजक सुमेर सिंह ने बताया कि कन्वेंशन सुबह 10 बजे तिकोना पार्क में आयोजित होगा, जिसमें निर्माण मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान आगे की संघर्ष रणनीति भी तैयार की जाएगी। कन्वेंशन में सीटू, इंटक, राष्ट्रीय कामगार संघ, आईसीटीयू और एटक सहित विभिन्न मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कन्वेंशन का प्रमुख उद्देश्य पिछले करीब 9 महीनों से बंद पड़े निर्माण मजदूरों के श्रम पोर्टल को दोबारा शुरू करवाना है।

### सुबह कड़कती धूप, शाम को आंधी संग बारिश

**बवानीखेड़ा।** शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली। सुबह जहां तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान किया, वहीं शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम सुहावना तो हुआ, लेकिन अनाज मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचे किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ गई। अनाज मंडी में इस समय गेहूं की आवक जोरों पर है और हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। बारिश शुरू होते ही किसानों का पीला सोना भीगने का खतरा पैदा हो गया। अचानक बदले मौसम को देखकर किसान अपनी फसल को बचाने के लिए तिरपाल ढकने और सुरक्षित स्थानों पर रखने में जुट गए।

### सरकार ने नहीं दिया वर्ष 2023 का मुआवजा : सिंह

**बाढ़डा।** कृषि क्षेत्र में लगातार प्राकृतिक आपदा के बाद अब किसानों की कमर टूट चुकी है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा के नाम केवल दिखावा कर रही है। वर्ष 2023 के रबी व खरीफ सीजन की फसलों के बीमा मुआवजे की जांच व भरपाई के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। यह बात किसान सभा के पूर्व अध्यक्ष रघबीर श्योराण ने कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा बजट सत्र में किसानों की बकाया मुआवजा जैसे ज्वलंत मसले का समाधान तो दूर पक्ष, विपक्ष द्वारा चर्चा न होना अन्नदाता का अपमान है।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने शोभा यात्रा निकालकर मनाया जन्मोत्सव

# परशुराम ने धर्म के लिए लड़ी थी अन्याय के खिलाफ लड़ाई : वत्स

युवाओं को नशा व अपराध त्यागकर अच्छी शिक्षा के साथ बढ़ना चाहिए आगे, आज समाज को एकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भिवानी में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा हवन कर स्वच्छ पर्यावरण की कामना की गई। इस दौरान शहर में विराट शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें अनेक देवी देवताओं व भगवान परशुराम की झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के बादली से विधायक कुलदीप वत्स ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि का समिति सदस्यों कमल शर्मा, भारत शर्मा, जितेंद्र, मुकेश प्रधान, नीतू ने स्वागत किया तथा मंच का संचालन सुनील शास्त्री ने किया।

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, जिन्होंने धर्म की स्थापना के लिए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में अनेक प्रकार की बुराइयां जन्म ले रही ह, जिसको खत्म करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। विधायक ने कहा कि आज युवा नशे जैसी अनेक बुराइयों व अनेक प्रकार के अपराधों में शामिल हो रहे हैं। इसलिए उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ आगे आना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि हम अपने बच्चों में अच्छी शिक्षा का समावेश कर उन्हें उच्च अधिकारी बनने के लिए प्रेरित करें, ताकि समाज व राष्ट्र की तरक्की सुनिश्चित की जा सकें। विधायक ने कहा कि समाज में अलग-अलग प्रकार की गिरावट आ रही है। इसलिए आज हमें एकता के साथ आगे आकर समाज को संभालने की जरूरत है। उन्होंने सर छोटू राम की उक्ति बोलते हुए कहा की आज समाज को बोलने की जरूरत है और अपने-पराए को पहचानने की जरूरत है, यदि समाज ऐसा करता है तो वह कभी चोट नहीं खाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे लिए आदर्श हैं और ब्राह्मण सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, ब्राह्मण नेता नवीन जयहिंद, प्रदीप जोगी, सुनील शास्त्री, पन्नू मस्ता, सियाराम शर्मा, समाजसेवी राजू नांगल, उमेश भारद्वाज, सुधीर सरपंच, कमल कुमार, जयभगवान शर्मा, देवकांत शर्मा, केडी कुलदीप कौशिक, कालू कुडल, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, जेके शर्मा, रामबीर शर्मा आदि रेह।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज



धर्मनगरी भिवानी में अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9 दिवसीय विशेष कार्यक्रमों का शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह आध्यात्मिक उत्सव हनुमान जोहड़ी मंदिर परिवार के सहयोग से और बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जोहड़ी मंदिर परिवार द्वारा निकाली जा रही नगर परिक्रमा के तहत शुक्रवार सुबह हुई। इस अवसर पर पूरा चौक जय परशुराम और जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बालयोगी महंत चरणदास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम केवल एक समाज के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आदर्श हैं। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह 9 दिवसीय आयोजन में हम गौ सेवा, गीता पाठ, हवन और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना जगाएंगे।हनुमान जोहड़ी मंदिर परिवार और युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट के इस संयुक्त प्रयास की शहरवासियों ने सराहना की है।

## परशुराम जयंती पर एकता व सामाजिक शौर्य का दिया संदेश



भिवानी। पौधरोपण करते शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट के मोनू भगत सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- महापुरुषों की जयंती को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना जरूरी : मोनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशेष सामाजिक पहल की। ट्रस्ट के प्रधान मोनू भगत सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने लघु सचिवालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और महापुरुषों की स्मृति को जीवित रखने का संकल्प लिया। पौधरोपण अभियान के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए मोनू भगत सिंह ने कहा कि हमारे महापुरुषों और शहीदों ने समाज को जो दिशा दिखाई है, उसे आगे बढ़ाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती केवल उत्सव तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे सामाजिक सरोकारों से जोड़ना जरूरी है। शहीदों और महापुरुषों की स्मृति में पौधरोपण करना न केवल पर्यावरण के लिए हितकारी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनकी कुर्बानी और विचारों की याद दिलाने का एक जीवंत माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ट्रस्ट के प्रधान ने कहा कि उन्होंने समाज को सामाजिक एकता एवं शौर्य का पाठ पढ़ाया था। उन्होंने हमेशा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई और शास्त्र व शस्त्र के संतुलन की सीख दी। उनकी जयंती पर प्रकृति की सेवा करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने के समान है। मोनू भगत सिंह ने युवाओं से अपील की कि वे अपने व अपने परिजनों के जीवन के विशेष अवसर जन्मदिन, पुण्यतिथि या जयंती पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाएं, तभी पर्यावरण एवं आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बचेगा। इस अवसर पर नवदीप आर्य एडवोकेट, बंसीलाल एडवोकेट, अजय व चंद्रमोहन आदि मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक व नृत्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर किया जागरूक




**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में एनएसएस यूनिट प्रथम व द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शर्मिला कुमारी व डॉ. मन्जू सांगवान के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम हरियाणा की संयोजिका डॉ किरण कलकल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम हरियाणा के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि स्वामी सच्चिदानन्द सरस्वती ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजनीति में महिलाओं से अच्छा मैनेजमेंट कोई नहीं कर सकता। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आर्ट एंड कल्चर कुरूक्षेत्र की टीम ने नुक्कड़ नाटक व डांस के द्वारा नारी शक्ति अधिनियिम के प्रति छात्राओं को जागरूक किया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

- किसानों ने मुआवजे की मांग उठाई

गांव भांडवा में वीरवार देर रात्रि को शॉर्ट सर्किट के कारण खेत में भीषण आग लगने से करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आने से खेत में लगा ड्रिप सिंचाई सिस्टम भी क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं अमरूद के दस पौधे भी जल गए। घटना के बाद किसानों में भारी रोष है और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान संजय के खेत में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड.उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। खेत से उठते धुएं और लपटों को देखकर आसपास के पड़ोसियों ने



तुरंत किसान संजय को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ढाई एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। इसके साथ ही खेत में लगा ड्रिप सिस्टम और अमरूद के पौधे भी आग में नष्ट हो गए, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## बाढ़ड़ा अनाज मंडी में अव्यवस्था, खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं

- मंडी में गेहूं उठान प्रक्रिया की नहीं है पर्याप्त व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा



बाढ़डा। कस्बें की अनाज मंडी में खुले में पड़ा अनाज ।

कस्बे की अनाज मंडी में इन दिनों अव्यवस्थाओं के चलते किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मंडी परिसर में हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिससे मौसम खराब होने की स्थिति में फसल के खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों और आढ़तियों का कहना है कि मंडी में न तो पर्याप्त जगह उपलब्ध है और न ही उठान की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। जिस कारण गेहूं को खुले में ही डालना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही उचित व्यवस्था नहीं की गई तो उनकी फसल खराब हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत उठान तेज किया जाए, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया जाए और गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मंडी की बिगड़ती व्यवस्था को लेकर किसानों और आढ़तियों में रोष बढ़ता जा रहा है। बुधवार तक 669060 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है तथा 26252 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। 11539 क्विंटल गेहूं का उठान हुआ है। उठान धीमा होने के कारण किसानों व आढ़तियों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



## डीएसएम के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा परिणामों में रचा इतिहास

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझूकलां स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल असावरी के विद्यार्थियों ने गत वर्षों के अपने शानदार इतिहास को दोहराते हुए नया इतिहास रचा। छात्रा वंशिता ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, मुस्कान आदमपुर ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा नवनीत असावरी ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 33 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत के अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वंशिता गोकल एवं अंकुर दगड़ोल ने सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार एवं दादा सांगू शिक्षा समिति के पदाधिकारी तेजेन्द्र तथा प्रद्युमन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिहादी मानसिकता एवं अवैध कब्जों के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

- जबरन धर्मांतरण से देश की आंतरिक सुरक्षा हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

देश में बढ़ती कथित जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों और समाज विरोधी गतिविधियों के विरोध में आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भिवानी के घंटाघर चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे वीएचपी जिला अध्यक्ष प्रदीप बंसल और




भिवानी। मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते हुए।

बजरंग दल जिला संयोजक प्रदीप कुंडल ने संयुक्त रूप से कहा की देश के विभिन्न हिस्सों में लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण, महिलाओं के शोषण और सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस दौरान वीएचपी जिला मंत्री गोपाल तंवर और बजरंग दल प्रांत सह संयोजक ललित बजरंगी ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियां अब शहरी व शिक्षित वर्ग तक भी पहुंच चुकी हैं।



## एसईडी स्कूल का सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत रहा परिणाम

**भिवानी।** एस.ई.डी विद्यालय में दसवीं कक्षा की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में प्रातः सभा में माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर उनके सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जसवंत शहारण, निदेशक बिरेन्द्र सिंह, विनोद जाखड व राकेश यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बोर्ड परीक्षा में दसवीं कक्षा का स्कूल परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा की वंशिका प्रथम स्थान पर रही उन्होंने 98.20 प्रतिशत, अभिनव शर्मा एवं इशिका ने 97.20 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे व तृतीय स्थान पर दीपिका ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी कड़ी में करूणा, विनीत कामाक्षी, साहिल, निशा, इशु, हिमांशु, मौसम, संगीता, दीपेश, श्रेष्ठ, दीपिका, निशा, कशिश, प्रिंश आदि विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से 96 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले 21 तथा 80 प्रतिशत से अधिक पाने वाले 18 विद्यार्थी रहे।

## जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में दीया शर्मा ने जीता स्वर्ण



**भिवानी।** भिवानी की मिट्टी ने एक बार फिर देश को एक स्वर्णिम खिलाड़ी दी है। मेगा माइंड्स स्कूल की पूर्व छात्रा दीया शर्मा ने नागपुर में आयोजित जूनियर नेशनल गर्ल्स चैंपियनशिप, जो कि 5 से 11 अप्रैल तक आयोजित थी, उसमें अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल भिवानी, बल्कि पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। दीया शर्मा की यह जीत कोई इत्तेफाक नहीं है। इससे पहले भी वह नेशनल चैंपियनशिप में अपनी तकनीक और फुर्ती के दम पर दो बार सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। नागपुर में खेले गए फाइनल मुकाबले में दीया ने विपक्षी खिलाड़ी को टिकने का मौका नहीं दिया और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय दीया ने अपने माता-पिता के अटूट विश्वास, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने कोच की कड़ी मेहनत को दिया है। शुक्रवार को जब स्वर्ण पदक विजेता दीया शर्मा भिवानी पहुंची तो उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## कमेटी ने तीन हजार 291 रुपये मार्केट फीस सहित लगाया हर्जाना

# 12 हजार क्विंटल अनाधिकृत सरसों का स्टॉक, 8 लाख जुर्माना

सीता राम कैलाश चंद फर्म के पास मिली 7517.13 क्विंटल अनाधिकृत सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

फसलों का अनुचित भंडारण करने वालों की खैर नहीं। प्रशासन ने सरसों के अनुचित भंडारण और बाजार शुल्क चोरी करने वालों के खिलाफ मार्केट कमेटी द्वारा छापेमार कार्रवाई की जा रही है। मार्केट कमेटी अधिकारियों ने विभिन्न 12 तेल मिल उद्योगों पर छापेमारी कर उन पर 12 हजार क्विंटल से अधिक अनाधिकृत स्टॉक रखने पर आठ लाख से ज्यादा तीन हजार 291 रुपए मार्केट फीस सहित जुर्माना लगाया है। सरसों का अनाधिकृत स्टॉक करने व बाजार शुल्क चोरी करने वालों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। मार्केट कमेटी के इस तरह के अभियान के बाद तेल उद्योग मालिकों में हड़कम्प मच गया।

भिवानी मार्केट कमेटी सचिव देवेंद्र ढुल ने बताया कि सरसों के अनाधिकृत स्टॉक को रोकने के लिए छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान कुल 12 हजार 14.03 क्विंटल सरसों का स्टॉक अनाधिकृत मिला, जिन पर 8,03,291 रुपये मार्केट फीस व पैनल्टी लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि भिवानी क्षेत्र में सीता राम कैलाश चंद फर्म के पास 7517.13 क्विंटल अनाधिकृत सरसों स्टाक पाए जाने पर 4,37,029 रुपये की मार्केट फीस व जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार से खुराना कॉटन इंडस्ट्रीज पर 1405 क्विंटल स्टॉक के लिए 1,31,813 रुपये तथा गोयल ऑयल उद्योग पर 516 क्विंटल के लिए 44,354 रुपये की पैनल्टी की गई। उन्होंने बताया कि शिव कॉटन इंडस्ट्रीज पर 354 क्विंटल के लिए 28,725 रुपये, तरवीन पुत्र सतपाल के दो मामलों में कुल 694.5 क्विंटल पर लगभग 54,449 रुपये, भवानी ट्रेडिंग कंपनी पर 508.5 क्विंटल के लिए 32,781 रुपए, गणेश दाल एंड जिनिंग मिल पर 501.9 क्विंटल के लिए 33,135 रुपये, गर्ग ऑयल उद्योग पर 128 क्विंटल के लिए 9,600 रुपये, बेरलिया एंटरप्राइजेज पर 95 क्विंटल के लिए 7,890 रुपये, सुभाष गोयल इंडस्ट्रीज के दो मामलों में कुल 294 क्विंटल अनाधिकृत सरसों स्टॉक रखने पर 23,515 रुपये मार्केट फीस व जुर्माना लगाया गया है।

### बिचौलियों को बेची जा रही है सरसों

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि सरसों सीधे बिचौलियों को बेची जा रही है, जो कि प्रचलित बाजार दरों के सरसों के एमएसपी से अधिक होने के कारण, निर्धारित बाजार शुल्क जमा किए बिना उपज का भंडारण किया जा रहा है। डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले की मंडियों में सरसों के अनुचित भंडारण/ जमाखोरी और बाजार शुल्क की चोरी रोकने को लेकर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में विशेष कमेटियों का गठन किया जा चुका है। निगरानी कमेटियों द्वारा सरसों से संबंधित उद्योगों पर छापेमार कार्रवाई कर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सरसों की खरीद व स्टॉक की पूरी निगरानी की जा रही है।

### छापेमारी की कार्रवाई जारी रहेगी: एडीसी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला में सरसों के अवैध स्टॉक व मार्केट फीस चोरी को रोकने के लिए प्रत्येक मंडियों पर निगरानी टीमों का गठन किया गया है। मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा छापेमार कार्रवाई की जा रही है, जो जारी रहेगी। सरसों के संबंधित उद्योग संचालकों से यह अपील है कि सरसों का अनाधिकृत स्टॉक या मार्केट फीस चोरी ना करें।

**खबर संक्षेप**

## जनगणना में सहभागी बनें : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** डीसी डॉ. नागपाल ने जिला के नागरिकों से जनगणना 2023 के तहत मकान सूचीकरण के लिए ऑनलाइन स्व गणना करवाने की अपील करते हुए कहा है कि जनगणना में सहभागी बनकर देश सेवा का परिचय दें। इस कार्य के लिए केवल 2 मिनट का समय ही लगता है। कोई भी स्व गणना पोर्टल एसईसेंससजीओवीआईएन पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से मकान सूचीकरण से संबंधित डाटा दर्ज कर सकता है। शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उपायुक्त ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह आठवीं जनगणना है। इसके दो चरण हैं । पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना होगी।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें

**चरखी दादरी ।** साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिक सतर्क रहें और किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है, जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत मिल रहा ऋण

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक तौर पर सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है।

### महिला अधिकारों से संबंधित जागरूकता रैली निकाली

# आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता

**समाज की सोच और व्यवहार में भी समान रूप से दिखाई देने चाहिए महिला अधिकार: प्राचार्य डॉ.संजय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिला अधिकार केवल कानून तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की सोच और व्यवहार में भी समान रूप से दिखाई देने चाहिए। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आना होगा यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के महिला प्रकोष्ठ द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत आयोजित महिला अधिकारों से संबंधित जागरूकता रैली के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही। रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सीमा बंसल की देखरेख में किया गया। अभियान में महाविद्यालय की महिला प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। आज महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला अधिकारों से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई जिसे प्राचार्य डॉ संजय गोयल, डीन एकेडमिक डॉ नरेंद्र चाहर, उपप्राचार्य प्रो धीरज त्रिखा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**भिवानी।** कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

▶▶ **उपप्राचार्य ने जागरूकता रैली को दिखाई रही झंडी**

▶▶ **महिला प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने किया जागरूक**

### महिलाओं को जागरूक करने की शपथ

जागरूकता रैली में महिला प्रकोष्ठ की सदस्या डॉ सरिता गोयल, डॉ आशा नेहरा ,डॉ कामना कौशिक, डॉ रीना एवं डॉ विपिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। रैली में छात्राओं ने आमजन को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया और शपथ ली कि हम महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाएंगे और अपने आसपास की महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे । नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) सितंबर 2023 में पारित एक ऐतिहासिक कानून है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करता है।राजनीतिक सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के काफी सदस्य एवं काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चिडिया में पेयजल संकट, पांच से सात दिन में आ रही सप्लाई

- डिग्गी की फिल्टर व्यवस्था पूरी तरह से हो चुकी है नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** समस्या को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

गांव चिडिया के ग्रामीणों को इन दिनों पेयजल सप्लाई को लेकर काफी समस्याओं से दो चार होना पड रहा है घरों में पानी आने में पांच से सात दिन का समय लग रहा है। गांव में बनी पेयजल सप्लाई डिग्गी में अनेक तरह की समस्याएं है जिनका तुरंत प्रभाव से स्थाई समाधान किया जाना आवश्यक है जिससे कि समस्याओं से राहत मिल सके। इसी विषय को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान डिग्गी में कार्यरत कर्मियों ने भी बैठक में अपनी सहभागिता करते हुए बात रखी व समस्याओं के बारे में बताया। बैठक में मुख्य रूप से निकल कर सामने आया कि डिग्गी की फिल्टर व्यवस्था पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। नहरी पानी जिस नाले के जरिए डिग्गी तक पहुंचता है वो कई जगहों से टूटा पड़ा है। डिग्गी में जो मीठे पानी का बोर किया गया है वो भी पूरी तरह से कंडम हो चुका है। पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन पुरानी होने के कारण जगह जगह पानी की लीकेज हो रही है। समस्याओं का निवारण करवाने के लिए ग्राम सभा संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाएगी।

## बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान योजनाएं : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अनुदान योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्जियों, मशरूम एवं आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लिए किसानों को आकर्षक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि सब्जियों की खेती पर किसानों को 15 हजार से 25 हजार 500 रुपये प्रति एकड़ तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बांस आधारित सब्जी उत्पादन पर 31 हजार 250 से 53 हजार 125 रुपये, आयरन स्टेकिंग तकनीक पर 70,500 से 1,19,850 रुपये तक की सहायता दी जा रही है। वहीं, प्लास्टिक मल्चिंग के लिए 2 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से अनुदान उपलब्ध है। मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मशरूम झोपड़ी निर्माण के लिए 22,500 से 25,500 रुपये तथा मशरूम ट्रे पर 15,000 से 25,500 रुपये प्रति किसान की सहायता प्रदान की जा रही है।

## एनओसी देने के लिए पोर्टल को रोजाना चैक करें : एडीसी

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की। बैठक में उन्होंने बिजली बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद व जिला योजनाकार व टॉवर से संबंधित केसों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीसी करवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम का सख्ती से पालन कर निर्धारित समयावधि में कार्य को पूरा करें। उन्होनें बताया कि एनओसी के लिए विभाग के एचईपीसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जाते है। अधिकारी पोर्टल पर निरंतर निगरानी रखें। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिना किसी ठोस कारण के कोई भी एनओसी लंबित न रखें। एनओसी जारी करने के बाद पोर्टल पर भी अपडेट करें। इस दौरान डीडीपीओ सोमबीर कादयान, आरओ एचएसपीसीबी शलेन्द्र अरोड़ा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला सचिव बने जेपी बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

**जेपी बराला ने भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक एवं युवा नेता मोहित चौधरी को मिठाई खिलाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर आभार जताया**

धर्मसेना जिला महामंत्री जयप्रकाश बराला उर्फ जेपी बराला को भाजपा किसान मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। जेपी बराला को भाजपा किसान मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त करने पर भाजपा तथा धर्मसेना कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जेपी बराला ने भी भाजपा किसान मोर्चा का जिला सचिव की नई जिम्मेवारी मिलने पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, भाजपा युवा नेता मोहित चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, भाजपा के किसान मोर्चा भिवानी जिला अध्यक्ष सुंदरपाल सहित भाजपा के समस्त नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। जेपी बराला का कहना था कि उन्हें जो नई जिम्मेवारी मिली है उसे वह पूरी निष्ठा, लगन व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। नई जिम्मेवारी मिलने पर जेपी बराला ने भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक एवं भाजपा युवा नेता मोहित चौधरी को मिठाई खिलाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर आभार जताया। वहीं पर धर्म सेना की तरफ से ग्रामीण जिला अध्यक्ष मास्टर अश्वनी कुमार तथा जिला महामंत्री सुनील सुरा सहित अनेक धर्मसेना कार्यकर्ताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेपी बराला को शुभकामनाएं दी है।

## सस्पेंड आईओ सतेंद्र फरार एसीबी की रेड जारी

**नारनौल।** बैंक खाता अनफ्रीज कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस मामले का मुख्य आरोपित उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित साइबर थाना में तैनात आईओ सतेंद्र यादव घटना के बाद से फरार चल रहा है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन तीन दिन बाद भी वह पकड़ में नहीं आया है।दरअसल, 14 अप्रैल को एसीबी टीम ने नारनौल के महावीर चौक पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान के निकटवर्ती गांव नावता निवासी सतेंद्र यादव के भाई जितेंद्र यादव और उसके साथी गौरव वासी पचेरी खुर्द को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

# एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



- विद्यार्थियों को सामाजिक अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए : प्राचार्य

बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने लोगो को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। यह अभियान 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमांडेंट ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर के भीतर एवं बाहर सघन सफाई अभियान चलाया गया। कैडेट्स ने प्लास्टिक की थैलियों सहित अन्य कचरे को एकत्रित कर उचित स्थान पर निपटान के लिए सुरक्षित रखा। इस दौरान सभी कैडेट्स ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया एवं उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने यह भी प्रेरित किया कि कैडेट्स अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम एनसीसी प्रभारी जोगेंद्र सिंह के दिशा निर्देश में आयोजित हुआ।

# चार लाख 29 हजार 412 बच्चों को खिलाई जाएगी एलबेंडाजोल की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- नगराधीश ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की समीक्षा बैठक में दिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश

नगराधीश अनिल कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के डीआरडीए सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। नगराधीश ने बताया कि 21 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि दिवस अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिले में एक साल से 19 साल तक के चार लाख 29 हजार 412 बच्चों को पेट के कीड़े मारने वाली एलबेंडाजोल की गोली देने का लक्ष्य रखा गया है।

नगराधीश ने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि दवा वितरण की समुचित व्यवस्था, बच्चों की अधिकतम भागीदारी तथा अभिभावकों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे 21 अप्रैल को दवा लेने से किसी कारणवश वंचित रह जाते हैं तो उनके लिए पांच मई को मॉप-अप डे आयोजित किया जाएग ।

### एचपीवी वैक्सीनेशन लगाने के दिए निर्देश

वहीं नगराधीश ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने डीईओ निर्मल दहिया और डीडीपीओ सोमबीर कादयान को निर्देश दिए कि वे स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द एचपीवी अभियान का लक्ष्य पूरा करें। इस अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करना है। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की 11,980 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीका लगाया जाना है।

# चैहड़ कलां में आवारा कुत्तों का आतंक बाड़े में घुसकर नौ मेमनों को नोच डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



चैहड़ कलां गांव में आवारा कुत्तों के आतंक से पशुपालक बुरी तरह से भयभीत है। हिंसक कुत्तों ने मंगलवार व बुधवार की रात को एक पशुपालक के बाड़े से नौ मेमनों को नोच डाला जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, कुत्तों के हमले से करीब 15 भेड़ें बुरी तरह से जख्मी हो गई है। वहीं, आवारा कुत्तों के हमलों से गांव में अन्य पशुपालकों की गाय, भैंस जख्मी हो चुकी है।

ग्रामीणों को आवारा कुत्तों के काटने से पशुओं में रेबिज फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से आवारा कुत्ते हिंसक हो गए हैं। मंगलवार और बुधवार की रात तो इन कुत्तों ने ऐसा तांडव मचाया कि गांव के पशुपालक भयभीत हो गए। गांव का प्रदीप काफी समय से भेड़ पालन का कार्य करता है। उसने अपने खेत में ही भेड़ों के लिए बाड़ा बनाया हुआ है। मंगलवार की रात को आवारा कुत्ते भेड़ों के बाड़े में घुस गए और तीन मेमनों को नोंच डाला जिससे उनकी मौत हो गई। प्रदीप ने भेड़ों को बचाव के लिए बुधवार को दिन में पूरे बाड़े में तारबंदी कर दी। बुधवार की रात को कुत्तों ने बाड़े की तारबंदी के नीचे से जमीन खोदकर बाड़े में घुस गए और भेड़ों और उनके मेमनों को नोंच डाला। सुबह प्रदीप भेड़ों की देखभाल के लिए बाड़े में पहुंचा तो उसे 9 मेमने मरे हुए मिले जिनको कुत्तों ने नोंच रखा था। बाड़े में करीब 15 भेड़ें बुरी तरह से जख्मी हालत में मिली।


**भिवानी।** मुख्यमंत्री से मुलाकात करते चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के स्काउट एंड गाइडस।

## चंद्रशेखर आजाद ग्रुप की नशामुक्ति यात्रा संपन्न

**भिवानी।** हरियाणा को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने और युवाओं को जागरूक करने के संकल्प के साथ चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द हरियाणा राज्य भारत स्काउट एंड गाइडस जिला भिवानी द्वारा निकाली प्रदेश स्तरीय नशामुक्ति जनजागरूकता साइकिल रैली का शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खुद अभियान के प्रतिभागियों की अगवानी की और उनके जज्बे को सलाम किया। इस दौरान नोडल अधिकारी कम असिस्टेंट ग्रुप लीडर अमित कुमार व लीडर ट्रेनर नितेश कुमार ने मुख्यमंत्री को स्कार्फ वोगल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे 35 स्काउट रोवर्स एवं रेंजर्स को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि नशामुक्ति की मुहिम केवल एक रैली नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं विकसित हरियाणा की नींव है। उन्होंने घोषणा की कि अभियान में भाग लेने वाले सभी जांबाज युवाओं के लिए जल्द ही एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर राज्य सरकार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं से युवाओं में बढ़ता है वैज्ञानिक दृष्टिकोण

# छात्राओं ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में गाड़े झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध करते हुए महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भिवानी की टीम ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के चारों जोनों की सर्वश्रेष्ठ 12 टीमों ने भाग लिया था। ये वही टीमें थीं जिन्होंने अपने-अपने जोन में प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा किया था। इतने कड़े और उच्च स्तरीय मुकाबले में भिवानी राजकीय महाविद्यालय की बी.एस.सी. की छात्राओं मुस्कान, जया और दीपाली शर्मा की त्रिमूर्ति ने विज्ञान के जटिल प्रश्नों का बड़ी ही सटीकता से उत्तर दिया और उप-विजेता बनकर उभरीं। विजेता टीम को सम्मान स्वरूप ट्रॉफी और 80 हजार की नकद राशि प्रदान की गई।


**भिवानी।** प्रतिभागियों के साथ कॉलेज स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### जोनल स्तरीय स्पर्धा में तृतीय रही थी टीम

गौरतलब है कि इस टीम की सफलता का सफर निरंतरता की मिसाल है। राज्य स्तर पर डंका बजाने से ठीक पहले 2 अप्रैल को हिसार जोन में आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भी इस टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 20 हजार रुपयेका इनाम जीता था। इस प्रकार इस होनहार टीम ने अपनी प्रतिभा के बल पर कुल एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की है। छात्राओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल रहा। कॉलेज पहुंचने पर विजेता टीम और उनके मार्गदर्शक टीम इंचार्ज सहायक प्रोफेसर डॉ. रविकांत का भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य और अन्य प्राध्यापकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्य जगबीर सिंह श्योराण ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. हरिओम शर्मा, अनिल कुमार, डा. कुलवीर सिंह, सतीश कुमार, सुनीता, कुसुम, निधि, सलमा खान, सुषमा, हीना, शक्ति, सुधीर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पशुपालन एवं डेरिंग विभाग स्वयं रोजगार के लिए दे रहा 90 प्रतिशत सब्सिडी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- एससी वर्ग के लिए 90 व बैकवर्ड एवं सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही

एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि पशुपालन एवं डेरिंग विभाग स्वयं रोजगार के लिए बेरोजगार युवक और युवतियों को 25 से 90 प्रतिशत सब्सिडी दे रहा हैं, ताकि वे स्वरोजगार की ओर बढ़े। एसडीएम संदीप ने बताया कि महिलाओं, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लोगों को अलग-अलग सब्सिडी दी जा रही है।

पशुपालन एवं डेरिगं विभाग के उपमण्डल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा द्वारा दी विस्तृत जानकारी के अनुसार प्रति भैंस पर एक लाख रुपये तक, प्रति गाय पर 90 हजार तक और भेड़ बकरी फार्म पर 98000 रूपये तक की कीमत पर सब्सिडी दी गई है। उन्होंने बताया कि एससी वर्ग के लिए 90 प्रतिशत व बैकवर्ड एवं सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926

ON ALL MRP 6% OFF

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
JUST ₹1
1 KG SUGAR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

## SUPER DEAL OF THE WEEK

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

18 April to 03 May

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | SAMPLA | GOHANA | KARNAL | SONIPAT | HISAR | BHIWANI

| Product | Offer |
|---|---|
| COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR | ₹79 |
| REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR | BUY 1 GET 1 FREE |
| LAHORI ZEERA 24 PCS (MRP - ₹240) | ₹190 |
| MANGO SIP 1LTR | BUY 1 GET 1 FREE |
| FRESCA | BUY 1 GET 3 FREE |
| RED BULL (MRP - ₹125) | ₹99 |
| HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) | BUY 1 GET 1 FREE |
| BUDWEISER NON ALCOHOLIC | BUY 1 GET 2 FREE |
| AMUL TOMATO KETCHUP | BUY 1 GET 1 FREE |
| GM POHA(500G) | BUY 1 GET 1 FREE |
| MCCAIN 1.2KG | BUY 1 GET 1 FREE |
| BREGANO PASTA ALL VARIANTS | BUY 1 GET 1 FREE |
| BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG | BUY 1 GET 1 FREE |
| UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY | BUY 1 GET 2 FREE |
| SATMOLA NAMKEEN | BUY 1 GET 1 FREE |
| HALDIRAM NAMKEEN | 12.5% OFF ON MRP |
| MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG | BUY 1 GET 1 FREE |
| 24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML | BUY 1 GET 1 FREE |
| 24 MANTRA ATTA 5KG | BUY 1 GET 1 FREE |
| Fortune atta ( 10 kg ) (MRP - ₹485) | ₹415 |
| PATANJALI ATTA 10KG (MRP - ₹480) | OUR PRICE ₹399 |
| AASHIRVAAD ATTA 10KG (MRP - ₹499) | OUR PRICE ₹439 |
| TATA TEA PREMIUM 1 KG (MRP - ₹480) | ₹329 |
| DAAWAT ROZANA GOLD BASMATI RICE 5 KG (MRP - ₹600) | ₹399 |
| MUSCLEBLAZE | UPTO 40% OFF ON MRP |
| PRO NATURE MAKHANA | BUY 1 GET 1 FREE |
| RAJDHANI BESAN 1 KG (MRP - ₹150) | ₹87 |
| LOOSE SUGAR 5 KG | OUR PRICE ₹230 |
| PATANJALI COW GHEE 900ML (MRP - ₹731) | ₹675 |
| PREET LITE (MRP - ₹451) | ₹309 |
| ARIEL MATIC LIQUID DETERGENT 4KG (FRONT LOAD / TOP LOAD) | 33% OFF ON MRP |
| TIDE DETERGENT 10KG (MRP - ₹1179) | OUR PRICE ₹769 |
| SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR | BUY 1 GET 1 FREE |
| COMFORT 2 LTR IMPORTED | BUY 1 GET 1 FREE |
| WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR | BUY 1 GET 2 FREE |
| CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML | BUY 1 GET 1 FREE |

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

**Hisar**
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

**Bhiwani**
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

**UPCOMING BRANCHES**
Mohali | Ghaziabad | Pinjore | Sirsa | Panipat | Narnaul | Jind | Rewari

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.